## एक नजर में

### रमेश चंद्र जायसवाल दिवंगत



**नवभारत न्यूज, पड़ाना 17 मार्च, सं.** मंगलवार समीप के ग्राम मऊ में होटल व्यवसाय दिलीप जयसवाल, सुनील जयसवाल, राजेश जायसवाल, के पूज्य पिताजी रमेश चंद्र जायसवाल बच्चू सेठ का 80 वर्ष की उम्र में मंगलवार सुबह 8 बजे के लगभग निधन हो गया. जिनकी शव यात्रा नेशनल हाईवे मऊ निज निवास से निकलते हुए सार्वजनिक मुक्ति धाम ले जाया गया. इस दौरान शव यात्रा में ग्रामीण जन सहित परिजन समाज जन एवं रिश्तेदार शव यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. वही उनके पुत्र मुखाग्नि दी गई.

### आवेदक को मिली 5 हजार रूपये की सहायता

**राजगढ़ 17 मार्च, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा आवेदक राजेन्द्र तंवर को रेडक्रॉस से 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई. आवेदक राजेन्द्र तंवर ने बताया कि आवेदक के पुत्र के पैर में गंभीर चोट होने के कारण उसका इलाज पूर्व में प्रायवेट अस्प ताल में किया गया. आवेदक की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह इलाज कराने में असमर्थ हैं. इस संबंध में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि आवेदक के पुत्र का समुचित उपचार एम्स भोपाल में करवाना सुनिश्चित करें.

### घर के सामने गंदगी की शिकायत की

**राजगढ़ 17 मार्च, का.** मंगलवार को जनसुनवाई में ग्राम किशनगढ़ निवासी दिलीप पुष्पद ने बताया कि आवेदक के घर के सामने नाली का पानी जमा होने से काफी परेशानी हो रही है. अपर कलेक्टर द्वारा सीएमओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

### जमीन पर कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचे

**राजगढ़ 17 मार्च, का.** ग्राम मलारगढ़ निवासी मानसिंह वर्मा ने बताया कि आवेदक की भूमि पर अनावेदको द्वारा कब्जा कर लिया गया है. जिससे आवेदक स्वयं की भूमि पर खेती करने में असमर्थ हैं. अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार जीरापुर को आवश्यसक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम अरन्या निवासी बालचंद ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हो गई है. जिसकी प्रथम किश्त भी जमा हो चुकी है परन्तु दूसरी किश्त आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई. अपर कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद सारंगपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

### नहीं मिली किसान सम्मान निधि



**राजगढ़ 17 मार्च, का.** ग्राम चारपुरा निवासी बनेसिंह ने बताया कि आवेदक को पूर्व में किसान सम्माान निधि योजना का लाभ मिल रहा था. परन्तु किसी कारण वश किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलना बंद हो गया है. अपर कलेक्टर द्वारा तहसीलदार ब्यावरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

# मार्च के 31 दिनों में 21 दिन बंद रहेगी मंडी

## उपार्जन के बीच मार्च में मण्डी अवकाश : लगातार अवकाश से किसानों को होती है भारी परेशानी

**किसानों की इस ज्वलंत समस्या से पक्ष-विपक्ष अनभिज्ञ**

**उपज बेचने वाले किसानों को करने पड़ते है कई समझोते**




नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 मार्च, का. किसानों की चिंता के दावे करने वाले राजनीतिक दलों की असलियत यह है कि उनकी अनदेखी से सबसे ज्यादा शोषण किसानों का हो रहा है. कठिन परिश्रम, प्रकृति से जूझने के बाद जब उपज को बाजार में बेचने लेकर आने वाले किसान को मंडी खुली नहीं मिलती है. मार्च के 31 दिनों में 21 दिन अवकाश रहने वाला है.**

उल्लेखनीय है कि ब्यावरा मंडी में मार्च माह में सिर्फ 10-11 दिन ही खरीदी होने वाली है. लगातार अवकाश रहने से किसानों को रबि फसल के उत्पाद को बेचने में कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इन समस्याओं में सिर्फ मानसिक और शारीरिक ही नहीं आर्थिक परेशानियां भी शामिल है.

सबसे बड़ी समस्या किसानों के समक्ष यह आती है कि उनको अपनी उपज का बाजार मूल्य भी नहीं मिलता है. इससे बड़ी पीड़ा उन्हें यह झेलना पड़ती है कि अवकाश के बाद जब मंडी खुलती है तो भारी आवक के कारण मंडी में जगह नहीं रहती है. दो-दो दिन उपज का तोल नहीं होने से परेशान किसान बाजार में ओनेपोने दामों पर उपज बेचने को विवश हो जाते है.

मार्च के पहले पखवाड़े में 8 दिन अवकाश रहा. दूसरे पखवाड़े में तो मात्र दो-तीन दिन ही मंडी खुलने की संभावना है. मार्च माह के एक पखवाड़े में ही 11 दिन मंडी में अवकाश रहा. मंडी प्रबंधन के अनुसार 1,2,3, 4, 5 मार्च तथा 8 और 9 मार्च को मंडी में नीलामी कार्य बंद रहा. इसके बाद 15 को अवकाश रहा. दूसरे पखवाड़े में 16 मार्च को मंडी में अवकाश रहा. 17 मार्च को मंडी में नीलामी कार्य हुआ और इसके बाद फिर अब 18 मार्च को अमावस्या तथा कल 19 मार्च को गुड़ी पड़वा होने के चलते दो दिन मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. 20 अथवा 21 में ईद का अवकाश रहेगा. 22 को रविवार और 23 को सोमवार का साप्ताहिक अवकाश रहेगा.

26 व 27 को अष्टमी व नवमीं का अवकाश रहेगा. 28 को शनिवार, 29 को रविवार, 30 को सोमवार और 31 को वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण अवकाश रह सकता है. इस प्रकार मार्च माह में बमुश्किल 10-11 दिन ही मंडी में उपज की खरीदी हो सकेगी. लगातार अवकाश से किसानों के समक्ष कई संकट खड़े हो जाते है. यद्यपि इन अवकाशों की घोषणा मंडी प्रशासन ने अभी नहीं की है. लेकिन इन अवकाश में बहुत अधिक अंतर आयेगा यह लगता नहीं है.

### गेंहू, मसूर, रायड़ा की बंपर आवक के दौर में अवकाश

ब्यावरा कृषि उपज मंडी में मार्च का माह किसानों के लिये संकट का रहने वाला है. 31 दिनों में 10 दिन ही मंडी में व्यापार होने से किसानों को किस प्रकार की समस्याएं आयेंगी यह समझा जा सकता है. इस समय गेंहू, मसूर, रायड़ा की बंपर आवक के कारण मंडी में उपज आ रही है. अधिकांश किसानों के समक्ष उपज को संग्रहित रखने का साधन नहीं होता है. वे सीधे खेत से मंडी में उपज बेचने आ जाते है. भारी आवक के दौर में अवकाश के कारण अगले दिन और अधिक भीड़ हो जाती है. कई बार दो-तीन दिन तक किसानों को मंडी में बिताना पड़ता है. ऐसे में किसान को न केवल खुले बाजार में भी बल्कि मंडी में भी उचित भाव नहीं मिलते है. कठिन परिश्रम की तपस्या और प्रकृति से मुकाबला करने के बाद जब किसान मंडी में आता है तो उसे उपज के भाव सही नहीं मिलते है तो वह पूरी तरह टूट जाता है.

### कांग्रेस-भाजपा के चिंता के दावे खोखले साबित

किसानों के लिये अपने आपको समर्पित करने वाले भाजपा और कांग्रेस दोनो दलों ने किसानों की पीड़ा पर चुप्पी साध रखी है. भारी अवकाश के बाद किसानों का दु:ख दोहरा हो जाता है. अधिक आवक आना और अवकाश के बाद किसानों की भीड़ बढ़ने का दुष्परिणाम यह होता है कि किसान बाजार से भी कम भाव में उपज बेचने को मजबूर होता है. ब्यावरा मंडी में सीजन के समय भारी अवकाश को लेकर न तो कांग्रेस चिंता करती है और न भाजपा. दोनो दल किसानों के नाम की नौटंकी करते है लेकिन उनके दावे खोंखले साबित होते है. मंडी में सीजन के समय रहने वाले अवकाश क्या किसानों को आर्थिक रूप से चौंट नहीं पहुंचाते होंगे यह समझते हुए भी दोनो दल भाषण में किसानों की चिंता करने की बात करके जले पर नमक छिड़कने का कार्य कर रहे है.

# हादसे के बाद मुनादी की औपचारिकता पूर्ण..!

**फॉलोअप**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 मार्च, का. सोमवार को जिला मुख्यालय पर हुए डंपर हादसे में एक छात्रा की दर्दनाक मौत और दूसरी के गंभीर रूप से घायल होने के बाद नगर में आक्रोश का माहौल बन गया. घटना के बाद सोशल मीडिया पर आम नागरिकों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की. बढ़ते जनाक्रोश के बीच नगर पालिका प्रबंधन भी हरकत में आया और आनन-फानन में नगर से गुजरने वाले बायपास मार्ग के आसपास किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए मुनादी करवाई गई.**

दरअसल सोमवार को हुए हादसे के बाद नागरिकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से सवाल उठाए कि आखिर शहर के बीच से गुजरने वाले इस व्यस्त मार्ग पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं हैं और सड़क किनारे फैलते अतिक्रमण पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती. लगातार उठ रहे इन सवालों और आलोचनाओं के बीच नगर पालिका ने तत्काल कार्रवाई का दिखावा करते हुए मुनादी करवाई, जिसमें सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई है.

### खानापूर्ति या होगी सख्त कार्रवाई

इस मार्ग की ड्रॉइंग-डिजाइन भी ऐसी है कि यहां पैदल राहगीरों के लिए सुरक्षित रूप से निकलना मुश्किल हो जाता है. सड़क निर्माण के दौरान न तो दोनों ओर सर्विस रोड बनाई गई और न ही व्यवस्थित शोल्डर फिलिंग की गई. जिसके कारण सड़क किनारे वाहन खड़े होने या अतिक्रमण होने पर दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन हर बड़े हादसे के बाद कुछ दिन के लिए सक्रियता जरूर दिखाता है, लेकिन बाद में कार्रवाई ठंडी पड़ जाती है. ऐसे में अब देखने वाली बात यह होगी कि नगर पालिका की यह कार्रवाई वास्तव में अतिक्रमण हटाने की ठोस पहल साबित होती है या फिर यह भी केवल खानापूर्ति बनकर रह जाएगी. साथ ही यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होती है तो क्या केवल छोटे दुकानदारों और ठेले वालों पर ही बुलडोजर चलेगा.

# खोयरी महादेव मंदिर की दानपेटी के ताले तोड़े

## चौथी बार चोरी हुई, सीसीटीवी में कैद




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 मार्च, का. जिला मुख्यालय राजगढ़ स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खोयरी बैजनाथ महादेव प्राचीन मंदिर धाम पर एक बार फिर सोमवार-मंगलवार की रात्रि में चोरी की घटना हुई, यहां चोर द्वारा दानपेट को तोड़कर उसमें से नगद राशि ले जाने का मामला सामने आया है, एक ही मंदिर में चोरी की यह चौथी घटना है, चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है. चोरी करने वाला व्यक्ति यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है. पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा मामला दर्ज कर चोरी करने वाले की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.**

जानकारी के अनुसार मंगलवार को तड़के लगभग 5.30 बजे के मध्य चेहरा ढके एक व्यक्ति मंदिर परिसर में पहुंचा तथा गेती एवं पत्थर से दानपेटी को क्षतिग्रस्त कर उसमें से नगदी राशि ले गया. यह सब पूरा घटनाक्रम मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया.

### चोरी की यह चौथी वारदात

मंदिर प्रबंधन के अनुसार खोयरी मंदिर पर चोरी की यह चौथी वारदात है, इसके पूर्व 1 जनवरी 2023, 7 जून 2025 एवं 2022 के अगस्त माह तथा अब 16-17 मार्च के तड़के चोरी की घटना हुई. उक्त व्यक्ति द्वारा मंदिर के गर्भ गृह के बाहर रखी दान पेटी को गेती से तोड़कर उसमें रखी राशि ले गया.

### मंदिर में चोरी की घटना से आक्रोश

एक ही मंदिर में चोरी की यह चौथी घटना होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है. मंदिर जैसे स्थान पर चोरी की वारदात की घटना से खासा आक्रोश देखा गया. घटना की जानकारी लगते ही जानकारी लगने पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय और मंदिर पुजारी पंडित उमेश शर्मा के द्वारा कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी गई. बताया जाता है कि पूर्व में हुई दो चोरी की घटना के आरोपी अभी भी पकड़ से दूर है. मंदिर धाम पर चार बार हुई चोरी की घटना में तीन बार दानपेटी से चोरी की गई जबकि एक बार यहां स्थित सामुदायिक भवन में लगे 15 पंखे अज्ञात लोग निकालकर ले गये थे.



# गाड़गंगा नदी को ओढ़ाई 501 मीटर की चुनरी

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 17 मार्च, सं. मंगलवार को वारुणी योग के पावन अवसर पर गाड़गंगा नदी तट पर कैवल्य योग आश्रम द्वारा दूसरे अमृत स्नान का भव्य आयोजन किया गया. इस अवसर पर 501 मीटर लंबी चुनर यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया.**

पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा नजर आया. बड़े मेला ग्राउंड से चुनर यात्रा की शुरुआत हुई. यात्रा में संत डॉ. रघुनाथानंद अवधूत महाराज सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और श्रद्धालु 501 मीटर लंबी चुनर थामे हुए राजगढ़ रोड से होते हुए बड़े पुल स्थित गाड़गंगा नदी तट तक पहुंचे.

विशेष रूप से नाव मेवाड़े मांझी समाज द्वारा संचालित की गई थी. स्नान प्रारंभ होते ही महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने गाड़गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई. सुबह से ही नदी तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी. सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति और जयकारों से पूरा क्षेत्र धार्मिक उत्साह और श्रद्धा से सराबोर दिखाई दिया. कैवल्य योग आश्रम के अनुसार, वारुणी पर्व पर आयोजित यह इस वर्ष का दूसरा अमृत स्नान था. तीसरा और अंतिम अमृत स्नान चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर 2 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा.

### प्रतिपदा पर नेवज किनारे आयोजन

**राजगढ़ 17 मार्च, का.** नववर्ष आयोजन समिति राजगढ़ द्वारा लगातार 16वें वर्ष पर नववर्ष विक्रम संवत 2083 के प्रथम दिन गुड़ी पड़वा पर सूर्योदय प्रात: 6 बजकर 21 मिनिट राजगढ़ के स्थानीय सूर्योदय समय पर सूर्य की पहली किरण के साथ सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर सूर्य और माँ नेवज मैया की शंख, घंटीया, डोल ढमाके और आतिशबाजी के साथ आरती करके नववर्ष का भव्य स्वागत किया जाएगा. नववर्ष आयोजन समिति राजगढ़ अध्यक्ष साकेत शर्मा द्वारा बताया पूरे इस अवसर वर्षभर निरोगी रहने के लिए नीम, मिश्री और कालीमिर्च का प्रसाद वितरित किया जाएगा. साथ ही साकेत शर्मा ने सभी से विनम्र आग्रह किया है कि गुड़ी पड़वा 19 मार्च को प्रात: 6 बजे पर स्थान नेवज तट छोटा पुल राजगढ़ पर अपने जलपात्र के साथ अवश्य सपरिवार पधारे.

# घर में घुसकर दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

## छापीहेड़ा थाने का मामला, आरोपी पर धमकी देने का आरोप

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 मार्च, का. छापीहेड़ा थाने में दुष्कर्म और उसके बाद धमकी देने की शिकायत का मामला सामने आया है. सोमवार शाम थाने में पीड़ित महिला द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई जिसमें आरोपी संजय पिता गोकुल शर्मा तथा कमल पिता गोविंद चौहान निवासी छापीहेड़ा के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप लगाए है.**

छापीहेड़ा थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला ने रिपोर्ट लिखवाई कि आरोपी कमल चौहान अपने दोस्त संजय शर्मा मकान की छत से कूद कर फरियादी के घर में घुस आया. घटना वाले दिन उसके पति बाहर गए हुए थे. आरोपी ने फरियादी के साथ गलत काम बलात्कार किया. साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में कार्यवाही की जा रही है.

# सड़क निर्माण से कचरा, गंदगी बन रहा परेशानी

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 17 मार्च, सं.** नगर के दोपहरी कुआ क्षेत्र के समीप गोप चौहान जी खाड़ी वाले हनुमान मंदिर लाल माता मंदिर के पास सीमेंट कांक्रीट रोड घटिया निर्माण की वजह से उखड़ा तथा इस रोड़ पर गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ है. कचरा रोड़ एवं रोड़ के समीप बिखरा हुआ है नगर परिषद कि अनदेखी के परिणाम स्वरूप आम राहगीरों को परेशानी झेलना पड़ता है. दूसरी ओर देखा जाये तो मरे हुए जानवर भी रोड़ के समीप डाल दिये जातें हैं जिससे राहगीरों को बदबू का सामना करना पड़ता है. वेस्ट पॉलिथिन कचरा रोड़ पर बिखरा पड़ा रहता है.



# मुझाहेड़ी में जल महोत्सव का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 मार्च, का.** राजगढ़ जिले के ब्लॉक जीरापुर अंतर्गत ग्राम मुझाहेड़ी पंचायत मीनागांव में मंगलवार को जल महोत्सव का आयोजन विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही. विधायक खिलचीपुर श्री दांगी ने ग्रामीणों से समय पर जल कर जमा कर योजना के सुचारु संचालन में सहयोग करने का आह्वान किया. सरपंच चिंताबाई ने ग्रामवासियों की ओर से योजना के बेहतर संचालन का आश्वासन दिया. वहीं मप्र जल निगम के महाप्रबंधक उमाकांत चौधरी ने पंचायत एवं जल समिति को जिम्मेदारीपूर्वक नल-जल योजना संचालित करने के निर्देश दिए. साथ ही ग्राम में जल कलश यात्रा एवं रैली निकाली गई.

**सुविधा** ▶ **होटल हलवाई संघ ने प्रशासन के समक्ष रखी समस्या, सिलेण्डर संकट से व्यवसाय पर असर**

# कमर्शियल सिलेण्डर को लेकर किल्लत, दर्जनों होटल बंद

**कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से होटल व्यवसायी परेशान**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 मार्च, का. नगर में जहां घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलेवरी शुरु करने से काफी कुछ राहत मिली है, किंतु कमर्शियल गैस सिलेंडर के अभाव में होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों के समक्ष भारी संकट आ खड़ा हुआ है, नगर में करीब आधा दर्जन होटलें सिलेंडर के अभाव में बंद तक हो गई है. मंगलवार को होटल हलवाई संघ द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत कराया.**

जानकारी के अनुसार विगत सप्ताह भर से नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के कारण गैस सिलेंडर आधारित होटल व्यवसाय प्रभावित हो रहा है. कई दिनों से कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने के कारण नगर की लगभग आधा दर्जन होटल दो-तीन दिन से बंद है तथा हालात यही रहे तो आने वाले दिन में और भी होटल सिलेंडर के अभाव में बंद हो सकती है.

### चर्चा कर समस्या रखी

इस समस्या को देखते हुए मंगलवार को होटल हलवाई संघ द्वारा व्यापारी महासंघ के जिला अध्यक्ष संपत मोदानी के नेतृत्व में एसडीएम गोविंद दुबे से मिलकर इस समस्या को रखा गया. कहा गया कि होटल वालों को कमर्शियल गैस उपलब्ध कराई जाए जिससे कि वह अपना व्यापार सुचारू रूप से कर सके. एसडीएम द्वारा शीघ्र ही समस्या का निराकरण का आश्वासन दिया गया.

### ठेले पर गैस सिलेंडर रखकर किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 17 मार्च, का.** गैस सिलेंडर की किल्लत के चलते आमजन को हो रही परेशानी को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए केन्द्र सरकार को घेरा. जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार गैस सिलेंडर की कमी एवं बढ़ती कीमतों के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया गया. ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा विरोध प्रदर्शन रखा गया. हाथ ठेले में गैस सिलेंडर रखकर नगर के प्रमुख मार्गो से रैली निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होकर पीपल चौराहा पर पहुंची. यहां पर वक्ताओं ने केन्द्र सरकार को घेरते हुए कहा कि आज गैस सिलेंडर के लिए आमजन को लम्बी लाईनो में लगना पड़ रहा है, लोगों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

### राहवीर बने कृष्णमोहन

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 मार्च, का.** गत दिवस सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर सहायता कर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कृष्ण मोहन लववंशी द्वारा मानवता और साहस का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है. एक दिन पूर्व 15 मार्च को सायं लगभग 5 बजे मंडी रोड स्थित बजाज शोरूम के सामने एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना में घायल व्यक्ति के दोनों हाथ-पैरों में गंभीर फ्रैक्चर तथा शरीर पर गंभीर चोटें आई. घटना को देखते ही बजाज शोरूम पर कार्यरत कृष्ण मोहन लववंशी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बिना समय गंवाए अपने निजी खर्च से ऑटो की व्यवस्था कर स्वयं घायल को उठाकर सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया.

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल (यांत्रिकी शाखा), जोन क्रमांक-12**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्र. 1 क/यां.वि./2026 — भोपाल, दिनांक 17/3/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_491598_1 | Construction of CC Road and Drain at Ward No. 44, Zone-12 | 7,71,100/- | 31 March 2026 | 5.30 PM |
| 2. | 2026_UAD_491627_1 | Construction of CC Road and Drain at Ward No. 58, Zone-12 | 7,62,704/- | 31 March 2026 | 5.30 PM |
| 3. | 2026_UAD_491632_1 | Construction of CC Road and Drain at Ward No. 59, Zone-12 | 7,62,610/- | 31 March 2026 | 5.30 PM |

नोट:- संशोधन केवल वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे. समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे.

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र.-12, नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 3339/025/026